बेकाबू डंपर ने ऑटो रिक्शा और स्कूल बस को टक्कर मारी, एक युवक घायल

भांकरोटा क्षेत्र में धारव पब्लिक स्कूल के गेट के पास हुआ हादसा

जयपुर (कासं)। भांकरोटा क्षेत्र में अजमेर रोड स्थित धारव पब्लिक स्कूल के गेट के पास शनिवार को तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़े ऑटो रिक्शा और स्कूल बस को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत रही कि हादसे के समय स्कूल बस में बच्चे सवार नहीं थे। बस से करीब आधा घंटे पहले ही बच्चों को उतारा गया था। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

थानाधिकारी दीपक त्यागी के अनुसार डंपर अजमेर की ओर से जयपुर आ रहा था। धारव पब्लिक स्कूल के गेट के पास पहुंचने पर डंपर ने पहले ऑटो रिक्शा को टक्कर मारी और फिर स्कूल के बाहर खड़ी बस को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो रिक्शा बुरी तरह क्षितग्रस्त हो गया। ऑटो में फंसे घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उपचार के लिए एसएमएस अस्पताल भिजवाया।

प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार डंपर तेज रफ्तार में अजमेर रोड से जयपुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान वह सड़क के बाईं ओर धारव पब्लिक



- गनीमत रही कि हादसे के समय स्कूल बस में बच्चे सवार नहीं थे। बस से करीब आधा घंटे पहले ही बच्चों को उतारा गया था।
- टक्कर के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया, पुलिस तलाश में जुटी

स्कूल की तरफ घुस गया। पहले उसने ऑटो रिक्शा को टक्कर मारी और फिर स्कूल के बाहर खड़ी बस से जा भिड़ा।

हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना पर पहुंची यातायात पुलिस ने लोगों को हटाकर यातायात सुचारू कराने का प्रयास किया। इस दौरान सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। थानाधिकारी दीपक त्यागी ने बताया कि हादसा अजमेर रोड स्थित धारव पब्लिक स्कूल के गेट के सामने हुआ। प्रारंभिक जांच में डंपर के ब्रेक फेल होना हादसे का संभावित कारण सामने आया है। डंपर का पंजीकरण नंबर आरजे-5 जीए-0313 है। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर चालक की पहचान कर उसकी तलाश कर रही है।

स्कॉर्पियो के बोनट पर केक काटकर हुड़दंग मचाने वाले दो गिरफ्तार

जयपुर। महेश नगर थाना क्षेत्र की सुंदर विहार कॉलोनी में बीच सड़क पर स्कॉर्पियो गाड़ी के बोनट पर केक काटकर हुड़दंग मचाने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल स्कॉर्पियो को भी जब्त कर लिया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने और शिकायतें मिलने के बाद पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई की।

डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज के अनुसार घटना 27 नवंबर की रात की है। आरोप है कि जन्मदिन मनाने के दौरान युवकों ने स्कॉर्पियो को बीच सड़क पर खड़ा कर उसके बोनट पर केक काटा। इस दौरान गाड़ी में लगी फ्लैश लाइट जलाने के साथ तेज आवाज में वीआईपी हूटर भी बजाया गया। इससे कॉलोनी में हुड़दंग और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से प्रसारित हो रहा था, जिसमें कुछ युवक बीच सड़क पर स्कॉर्पियो खड़ी कर उसके बोनट पर केक काटते दिखाई दे रहे थे। गाड़ी पर पुलिस लिखा हुआ था और पुलिस का स्टीकर भी लगा था। युवकों ने फ्लैश लाइट और तेज आवाज वीआईपी हूटर का इस्तेमाल कर कॉलोनी में उत्पात मचाया।

खोह नागोरियान थाने का घेराव, पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा धरने पर बैठे

- प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि 23 नवंबर की रात महिलाओं के कार्यक्रम में पुलिसकर्मी शराब के नशे में पहुंचे और महिलाओं के साथ अभद्रता की। विरोध करने वाले लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर मारपीट और अपमानित किया गया।

जयपुर (कासं)। खोह नागोरियान थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और उनका जुलूस निकालने को लेकर विवाद गहरा गया है। शनिवार को बड़ी संख्या में लोगों ने खोह नागोरियान थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा भी थाने के सामने धरने पर बैठ गए।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि 23 नवंबर की रात महिलाओं के कार्यक्रम में पुलिसकर्मी शराब के नशे में पहुंचे और महिलाओं के साथ अभद्रता की। विरोध करने वाले लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने, मारपीट करने और अपमानित करने का भी आरोप लगाया गया। प्रदर्शनकारियों ने न्याय मिलने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी। प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तार आरोपियों का जुलूस निकालने पर भी कड़ी आपत्ति जताई और पुलिस की कार्रवाई को असंवैधानिक बताया। दूसरी ओर, पुलिस का कहना है कि तेज आवाज में डीजे बजाने और पुलिस टीम के साथ मारपीट करने के मामले में नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की गई थी। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर मामला शांत कराने का प्रयास किया। एहतियात के तौर पर थाने के बाहर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया।

गौरतलब है कि खोह नागोरियान थानाधिकारी सुनील गोदारा के अनुसार थाने में तैनात एसआई रामफूल की शिकायत पर 24 नवंबर को पुलिस टीम के साथ मारपीट और राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, 23 नवंबर की रात करीब 12 बजे एसआई रामफूल पुलिस जाब्ते के साथ डीजे बंद करवाने पहुंचे थे। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ लात-घूंसों और थप्पड़ों से मारपीट की। समझाइश के बावजूद लोग नहीं माने। वीडियोग्राफी के दौरान पुलिसकर्मियों की वर्दी फाड़ने तथा मोबाइल छीनकर जमीन पर पटककर तोड़ने का भी आरोप लगाया गया। पुलिस ने इस मामले में कल्लू हाजी, शौकीन, मिशा, बाबू खान, कबीर खान, इकराम खान, मोहसिन और गद्दाम खान सहित अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद 25 नवंबर को पुलिस ने दबिश देकर कदीर खान (44), शौकीन उर्फ मिश्रा (35), बाबू खान (45), सद्दाम खान (32) और इकराम खान (46) को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से फरारी के दौरान इस्तेमाल की गई दो गाड़ियां भी जब्त की गईं।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से घटनास्थल की मौका तस्दीक भी करवाई थी। इस दौरान आरोपी कान पकड़कर अपनी गलती की माफी मांगते नजर आए थे। पुलिस की इस कार्रवाई और आरोपियों का जुलूस निकालने को लेकर उनके परिजनों तथा स्थानीय लोगों में नाराजगी है, जो शनिवार को थाने के घेराव और धरने के रूप में सामने आई।

मालवीय कॉन्वेंट स्कूल का 19वां वार्षिकोत्सव संपन्न



मालवीय कॉन्वेंट स्कूल के 19वें वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक, धार्मिक और देशभक्ति से जुड़ी प्रस्तुतियां दी।

जयपुर। मालवीय कॉन्वेंट स्कूल का 19वां वार्षिकोत्सव 'प्रयास' शनिवार को बिड़ला सभागार, स्टैच्यू सर्किल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक अधिकारी महेन्द्र खींची, वरिष्ठ समाजसेवी रवि नैयर तथा संस्था निदेशक व प्रिंसिपल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। ''जड़ों से उभरते हुए भारत तक'' विषय पर आधारित समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक, धार्मिक, खेल, नृत्य, संगीत और संवाद के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कृष्ण-सुदामा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, शिव तांडव, भारतीय सेना और स्केटिंग जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को प्रभावित किया। ''संस्कारों की धरोहर'' नाट्य प्रस्तुति के साथ महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, परिवार और योग पर आधारित कार्यक्रमों ने सामाजिक संदेश भी दिए। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों पर अभिभावक और अतिथि भाव-विभोर हो उठे। समारोह में शैक्षिणक, खेलकूद और अन्य क्षेत्रों में प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शशि कपूर मेमोरियल स्कॉलरशिप और स्व. कृष्ण अरोड़ा मेमोरियल स्कॉलरशिप के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई तथा उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। मंच संचालन प्रणय भारद्वाज ने किया। संस्था निदेशक डॉ. (सीए) सन्नी कपूर ने कहा कि 'प्रयास' विद्यालय के सतत प्रयास, अनुशासन, सृजनात्मकता और सर्वांगीण विकास का प्रतीक है।

वास्तुकला और शहरी विकास में महिलाओं के नेतृत्व पर मंथन

जयपुर। विमेन इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (विक्की) के राजस्थान आर्किटेक्चर चैप्टर की ओर से शनिवार को रोज़े आमेर में 'ऊर्जा-2026' का आयोजन किया गया। 'इन हर एलिमेंट' थीम पर आधारित कार्यक्रम में वास्तुकला, शिक्षा, सार्वजनिक अवसंरचना और शहरी विकास में महिलाओं के विचारों और नेतृत्व पर चर्चा हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ आर्किटेक्ट रश्मि गुप्ता को वास्तुकला में उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चैप्टर अध्यक्ष आर्किटेक्ट प्रीति अग्रवाल के स्वागत संबोधन से हुई।



राजस्थान आर्किटेक्चर चैप्टर की ओर से शनिवार को आयोजित ''ऊर्जा-2026'' समारोह में वरिष्ठ आर्किटेक्ट रश्मि गुप्ता को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया।

तीन विशेष सत्रों में अहमदाबाद की आर्किटेक्चरल हिस्टोरियन एवं शिक्षाविद् प्रो. माधवी देसाई ने भारतीय वास्तुकला के इतिहास में महिलाओं के योगदान और उनके कार्यों के दस्तावेजीकरण पर विचार रखे। दूसरे सत्र में एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (प्लानिंग) आर्किटेक्ट नंदिता भट्ट ने सार्वजनिक अवसंरचना परियोजनाओं के अनुभव साझा किए। सत्र में विक्की की उपाध्यक्ष आर्किटेक्ट गीतांजलि कसलीवाल ने उनसे संवाद किया। सेफ्टीपिन की सह-संस्थापक कल्पना विश्वनाथ ने शहरों की योजना में महिलाओं की सुरक्षा, आवागमन और रोजमर्रा के अनुभवों को शामिल करने पर जोर दिया। सत्र का संचालन संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट शालिनी गेहलोत ने किया। कार्यक्रम में आर्किटेक्ट निष्ठा पांडे की परिकल्पना पर आधारित 'इन माय एलिमेंट' पहल के तहत 'माय एलिमेंट वॉल' का अनावरण किया गया। इसमें महिला आर्किटेक्ट्स और चैप्टर सदस्यों की व्यक्तिगत पहचान और रुचियों को दर्शाती तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। आयोजन में विक्की राजस्थान आर्किटेक्चर चैप्टर की वर्किंग कमेटी की आर्किटेक्ट्स सना सोनी, केतकी कुलकर्णी, निष्ठा पांडे, निष्ठा गुलाटी, महेशी बानो, पारुल गुप्ता और शिवांशी सेठ की भूमिका रही। इवेंट लीड्स आर्किटेक्ट अनिका मित्तल और आर्किटेक्ट सगुना वाधवा ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर रीमा हूजा, गौरव अग्रवाल, आयुष कसलीवाल, ध्रुव गुप्ता और आशुतोष भार्गव सहित चैप्टर की सदस्याएं, आर्किटेक्ट्स और डिजाइनर्स मौजूद रहे। आयोजन को आदित्य बाथ, एलीट विंडो सिस्टम्स, महालक्ष्मी हार्डवेयर और एसएवी एंटरप्राइजेज का सहयोग मिला। अनंतया और स्किलयाक गिफ्टिंग पार्टनर रहे।

महिलाओं पर कार चढ़ाने की कोशिश का वीडियो वायरल

जयपुर। खोह नागोरियान थाना क्षेत्र में महिलाओं पर बिना नंबर प्लेट लगी सफेद कार चढ़ाने की कोशिश का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कार सवार तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए महिलाओं की ओर कार बढ़ाता हुआ नजर आ रहा है। इस दौरान एक महिला कार की चपेट में आने से बाल-बाल बच गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद महिलाओं में आक्रोश फैल गया और कुछ महिलाएं पत्थर लेकर कार के पीछे दौड़ती दिखाई दे रही हैं।

वायरल वीडियो में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौके पर मौजूद नजर आ रहे हैं। कार की तेज रफ्तार और चालक की कथित लापरवाही का महिलाएं विरोध करती दिखाई दे रही हैं। इस दौरान कुछ महिलाएं मोबाइल फोन से पूरी घटना का वीडियो भी बना रही हैं। आरोप है कि कार चालक ने एक महिला की तरफ गाड़ी बढ़ा दी, जिससे वह बाल-बाल बची। इसके बाद आक्रोशित महिलाओं ने पत्थर लेकर कार का पीछा किया। वीडियो में कार चालक रिवर्स गियर में गाड़ी पीछे ले जाता हुआ भी दिखाई दे रहा है। मामले में एसीपी मालवीय नगर शिवदयाल बाजिया ने बताया कि फिलहाल इस घटना की जानकारी सामने नहीं आई है। वायरल वीडियो मंगवाकर मामले की जानकारी ली जाएगी।

सार-समाचार

एसबीआई डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग शुरू



जयपुर। एसबीआई डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग (डीबीएल) सीजन-8 का शुभारंभ शुक्रवार को स्पोफिट अकादमी में हुआ। लीग संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एसबीआई जयपुर सर्किल के जीएम नेटवर्क-1 रजनीश कुमार रहे। विशिष्ट अतिथि एसबीआई के एजीएम संजय शर्मा, डॉ. नरेश सोमानी (सोमानी हॉस्पिटल), डॉ. राजवेन्द्र चौधरी (पिंकस्टार हॉस्पिटल) और डॉ. राकेश शर्मा (एसआरके हॉस्पिटल) थे। रजनीश कुमार ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए आयोजकों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं तथा मैच खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। लीग ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि पहले दिन किड्स वर्ग में आंजनेय हॉस्पिटल ने एक्सेल केअर को 3-2, होप हॉस्पिटल ने क्रेडल हॉस्पिटल को 4-1 और रेटिना रैकेटर्स ने जयपुर गैस्ट्रो को 3-2 से हराया। लीग ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. हनुमान खोज के अनुसार अंक तालिका में मेडिस्पा और जेएनआईसी 5-5 अंकों के साथ आगे हैं। अग्रवाल किड्स, श्रेयादित्य हॉस्पिटल और एचसीजी हॉस्पिटल्स के 4-4 अंक हैं। दीप हॉस्पिटल, केडिया हॉटशॉट्स और सुविरा के 3-3, जय गणपति के 2 तथा रावत आई हॉस्पिटल के 1 अंक हैं। एमजीएच और निय्या डायग्नोस्टिक भी आगे के मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन की कोशिश में हैं।

दीपावली मिलन समारोह आयोजित



जयपुर। महाराजा कॉलेज के 50 वर्ष पुराने स्नातकों व पूर्व विद्यार्थियों का पुनर्मिलन व दीपावली स्नेह मिलन समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। आयोजन समिति सदस्य प्रमोद खंडेलवाल, इकबाल सिंह, नर सिंह स्वर्णकार ने बताया कि कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह के तहत जवाहर सर्किल स्थित ब्लूप्लूटो रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में गीत-संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। यहां करीब पांच दशक पुराने महाराजा कॉलेज के पूर्व विद्यार्थियों ने एक साथ जुटकर पुरानी यादें साझा की। इस मौके पर एन.के.जैन, गोपाल कृष्ण, एस. इकबाल सिंह तथा एन.के.मित्तल मौजूद थे। समारोह में देश-विदेश से कॉलेज के पुराने सहपाठी शामिल हुए, और अपने छात्र जीवन के अनुभवों को याद किया।

टांक को ''स्टार रनर ऑफ द ईयर'' अवार्ड



जयपुर। वेदांता पिंक सिटी रन की अवॉर्ड सेरेमनी में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक को 'स्टार रनर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। आयोजन के फाउंडर मनोज सोनी ने बताया कि टांक को यह सम्मान सालभर में सबसे अधिक रनिंग करने के लिए दिया गया। वे लगातार लोगों को रनिंग के प्रति जागरूक करने के साथ बेहतर स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए प्रेरित कर रहे हैं। समारोह में अरुण सिंह, डॉ. नमित, अभिलाषा हेवर और हिमांशु भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन के 11वें संस्करण की दौड़ रविवार को होगी, जिसमें देश-विदेश के हजारों रनर्स हिस्सा लेंगे।

आरटीओ इंस्पेक्टर दिनेश सिंह सम्मानित



जयपुर। राजस्थान जाट समाज संस्था विद्याधर नगर में जयपुर जाट ऑफिसर्स सोशल फोरम के रिटायर्ड आईएएस वी. पी. सिंह की अध्यक्षता में दीपावली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस मौके पर आयोजन समिति के सदस्य राजेंद्र खींचड़, संजय राजपाल व ईश्वर सिंह बुरड़क मौजूद थे। समारोह में सड़क सुरक्षा की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर द्वितीय, विद्याधर नगर में वरिष्ठ आरटीओ इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को जाट ऑफिसर्स सोशल फोरम की ओर से मोमेंटो भेंट करके और माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

'हाईटेक सिटी का ड्रीम प्रोजेक्ट तीन साल बाद भी कागजों में, एक ईंट तक नहीं लगी'

- बजट फाइल्स के तीसरे एपिसोड में पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा

जयपुर (कासं)। राजस्थान की भाजपा सरकार की बजट घोषणाओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जारी वीडियो सीरीज ''बजट फाइल्स'' के तीसरे एपिसोड में जयपुर के पास प्रस्तावित हाईटेक सिटी परियोजना को लेकर सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी 2024 में बजट में घोषित और मुख्यमंत्री की ओर से ''ड्रीम प्रोजेक्ट'' बताई गई हाईटेक सिटी की स्थिति यह है कि करीब तीन साल बाद भी जमीन तय नहीं हुई और कहीं एक ईंट तक नहीं लगी है।

गहलोत ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में बताया कि फरवरी 2024 के लेखानुदान भाषण के पैरा 31 में जयपुर की 40 लाख से अधिक आबादी की समस्याओं का हवाला देते हुए शहर के पास हाईटेक सिटी विकसित करने की घोषणा की गई थी। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय तकनीक, वित्तीय प्रबंधन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित आधुनिक क्षेत्रों के संस्थानों और कंपनियों को प्रोत्साहन देने तथा विश्वस्तरीय शहरी सुविधाएं विकसित करने की बात कही गई थी। हालांकि, घोषणा में परियोजना के लिए कोई बजट राशि निर्धारित नहीं की गई थी।

गहलोत के अनुसार, मई 2024 में परियोजना के लिए जमीन की तलाश जारी थी और जयपुर विकास प्राधिकरण को सरकारी जमीन नहीं मिल पाई थी। नवंबर 2024 में फागी, चाकसू और आगरा रोड क्षेत्र में संभावित स्थानों पर विचार किया जा रहा था, लेकिन कोई जगह तय नहीं हुई। दिसंबर 2024 में मुख्यमंत्री ने इसे अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताते हुए अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए थे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट 2024-25, 2025-26 और 2026-27 के भाषणों में हाईटेक सिटी का उल्लेख नहीं मिला। उनके मुताबिक, अब तक न तो परियोजना के लिए जमीन तय होने की जानकारी सामने आई है और न ही निर्माण कार्य शुरू हुआ है।

गहलोत ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि क्या सरकार को बजट में हाईटेक सिटी की घोषणा याद है? इसके लिए जमीन कहां और कब तक तय होगी तथा काम कब शुरू होगा? उन्होंने यह भी पूछा कि घोषणा के बाद के तीन बजट भाषणों में परियोजना का नाम और राशि क्यों शामिल नहीं की गई और इसे ड्रीम प्रोजेक्ट बताने के बाद अब तक क्या ठोस काम हुआ है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की बजट घोषणाएं कागजों तक सीमित रह गई हैं। उन्होंने कहा कि हाईटेक सिटी की घोषणा बजट में हुई, लेकिन परियोजना धरातल पर नहीं उतर सकी।

शास्त्रीय संगीत और कथक ने समां बांधा

जयपुर। कणिका पांडे फाउंडेशन की ओर से आयोजित पहले जयपुर रागा फेस्टिवल का शनिवार को होटल नारायण निवास पैलेस में शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि संगीत गुरु पं. एस. एस. पांडे, चित्रकार प्रो. चिन्मय एस. मेहता और फाउंडेशन की संस्थापक कणिका पांडे ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। पहले दिन ग्रैमी नामांकित बांसुरी वादक पं. शशांक सुब्रमण्यम ने राग वाचस्पति की प्रस्तुति दी। उनके साथ अभिषेक मिश्रा और पारुपल्ली फाल्गुन ने संगत की। मिरज के वाद्ययंत्र निर्माता नईम सितारमेकर ने वाद्ययंत्र निर्माण का लाइव प्रदर्शन किया, जबकि डॉ. पुष्कर लेले ने संगीत रसास्वादन कार्यशाला में रागों की बारीकियां समझाई। शाम को कोलकाता की गायिकाओं सबीना मुमताज इस्लाम और संजुक्ता बिस्वास ने आगरा घराने की जुगलबंदी में राग नंद प्रस्तुत किया। तबले पर अभिषेक मिश्रा और हारमोनियम पर राजेंद्र बनर्जी ने संगत की। समारोह का समापन संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित जयपुर घराने के कथक कलाकार पं.

अशोक गहलोत राजस्थान के सबसे झूठे नेता : मंत्री बेढ़म

जयपुर। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अशोक गहलोत प्रदेश के सबसे झूठे नेता हैं। वे बार-बार झूठे और भ्रामक दावे करके प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। यदि गहलोत सरकार ने वास्तव में अच्छे काम किए थे, तो जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता क्यों दिखाया? इसलिए गहलोत को अब ''अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने'' की आदत छोड़ देनी चाहिए और अपनी सरकार के पांच साल के कुशासन और विफलताओं को याद करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत ने अपनी सरकार की नाकामियों और काले कारनामों पर गुलाबी पर्दा डालने के लिए निजी एजेंसी को ठेका दिया तथा जनता की गाढ़ी कमाई को पानी की तरह बहाया। उन्हें विज्ञापन के नाम पर राजनीति करने के बजाय अपने शासनकाल में सरकारी धन के इस्तेमाल का हिसाब देना चाहिए। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन में राजस्थान अपराध, महिला अत्याचार और दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर देशभर में चर्चा में रहा। पेपरलीक माफियाओं ने प्रदेश के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। महंगी बिजली, बढ़ती बेरोजगारी और किसानों से किए गए वादों से मुकरना कांग्रेस सरकार की पहचान बन गई थी। कांग्रेस की सरकार में ईआरसीपी और यमुना जल समझौते अटके रहे। प्रदेश के लिए पानी के लिए जो गहलोत जी सपने में भी नहीं सोच पाए, उन कामों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केवल तीन साल में ही धरातल पर उतारकर दिखाए हैं। इससे गहलोत की बेचैनी और राजनीतिक ईर्ष्या साफ दिखाई दे रही है।

'गहलोत के 5 साल पर भाजपा के 34 महीने के विकास कार्य भारी'

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि ''तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके गहलोत बिना तथ्यों के भ्रामक बयानबाजी करते हैं''

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के पांच वर्षों और भाजपा सरकार के 34 महीनों के विकास कार्यों की तुलना से वास्तविक तस्वीर सामने आ जाएगी। भाजपा सरकार ने कम समय में विकास के प्रत्येक क्षेत्र में कांग्रेस से अधिक काम किया है। उन्होंने गहलोत पर कपोल कल्पित आरोप लगाने और बिना तथ्यों के बयानबाजी करने का आरोप लगाया।

राठौड़ ने कहा कि गहलोत तीन बार मुख्यमंत्री रहे हैं, इसलिए उनसे तथ्य आधारित और जिम्मेदार बयान की अपेक्षा है। उन्होंने कांग्रेस पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आपातकाल में प्रेस सेंसरशिप लगाकर मीडिया की आवाज दबाई गई और चुनी



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़

हुई सरकारों को बर्खास्त किया गया। उन्होंने सचिन पायलट के लिए गहलोत की ओर से निकम्मा और नकारा जैसे शब्दों के इस्तेमाल का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा एकजुट संगठन है और राजनीति में हार-जीत को खेल भावना से स्वीकार करना चाहिए। पंचायत चुनाव परिणामों पर राठौड़ ने कहा कि भाजपा जनादेश का सम्मान करती है और प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने परिणामों की जिम्मेदारी स्वयं ली है। वहीं, ईवीएम पर सवाल उठाने वाले गहलोत और कांग्रेस नेताओं को जनता से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

राठौड़ के अनुसार सिंचाई विकास में भाजपा सरकार ने कांग्रेस से लगभग पौने तीन गुना, तारबंदी में साढ़े चार गुना, मिनी स्प्रिंकलर स्थापना में पौने दो गुना और पशु चिकित्सालयों के क्रमोन्नयन में सवा चार गुना अधिक काम किया है। राजीविका स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण उपलब्ध कराने में भी लगभग पौने दो गुना कार्य हुआ। शिक्षा क्षेत्र में भाजपा सरकार ने 34 महीनों में 229 महाविद्यालय भवन बनवाए, जबकि कांग्रेस के पांच वर्षों में 57 बने। छात्राओं को योजनाओं का लाभ देने में यह संख्या 53,637 के मुकाबले 16,536 रही। भाजपा सरकार ने 21 पॉलिटेक्निक महाविद्यालय स्थापित किए, जबकि कांग्रेस के समय पांच बने। इसी तरह 17 संस्कृत महाविद्यालय आचार्य स्तर पर क्रमोन्नत किए गए, जबकि कांग्रेस के समय तीन हुए।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में भाजपा सरकार ने 1.25 लाख नई स्वीकृतियां जारी कीं, जबकि कांग्रेस सरकार ने पांच वर्षों में 77950 स्वीकृतियां दी थीं। सड़क निर्माण में भाजपा सरकार ने 18917 किलोमीटर सड़कों पर 9704 करोड़ रु. खर्च किए, जबकि कांग्रेस के समय 13160 कि.मी. सड़कों पर 6910 करोड़ रुपये खर्च हुए। ग्रामीण सड़क संपर्क के तहत 1760 गांवों को जोड़ा गया, जबकि कांग्रेस के समय 1104 गांव जुड़े। मिसिंग लिंक सड़कों का निर्माण भी 10030 किलोमीटर के मुकाबले कांग्रेस के 6614 किलोमीटर रहा। ऊर्जा क्षेत्र में भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन क्षमता में 10,920 मेगावॉट की वृद्धि की, जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में यह 3,952 मेगावॉट थी। सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता में भी भाजपा सरकार का आंकड़ा 28,303 मेगावॉट और कांग्रेस का 15,000 मेगावॉट बताया। भाजपा सरकार ने दो 400 केवी, नौ 220 केवी और 51 नए 132 केवी सबस्टेशन स्थापित किए, जबकि कांग्रेस के समय क्रमशः एक, पांच और 38 सबस्टेशन बने। स्वास्थ्य क्षेत्र में भाजपा सरकार ने 1573 उपस्वास्थ्य केंद्र भवन बनवाए, जबकि कांग्रेस के समय 515 बने।